पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 05.11.2024

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 02 वांछित अभियुक्त एवं NBW में 01 वारण्टी गिरफ्तार।

दिनांक- 04/05.11.2024 को-

01-थाना विभूतिखण्ड में पंजीकृत 02 विभिन्न चोरी/छिनैती के अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01- चन्दन चौहान 02- बादल कश्यप गिरफ्तार।

एवं

NBW में थाना माल से 01 वाँछित वारण्टी गिरफ्तार।

जोन-पश्चिमी

सड़क दुर्धटना-थाना काकोरी-

दिनांक 04.11.2024 को वादी श्री शिवनरायन निवासी ग्राम तेजकिसुनखेड़ा मजरा बीबीचक थाना काकोरी, लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचनी दिया जिसमें दिनांक 04.11.2024 समय रात्रि 08.00 बजे के करीब पुरैना मोड़ मोहन रोड पर वादी के पुत्र राजेन्द्र उर्फ छोटू उम्र करीब 25 वर्ष को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससें वादी के पुत्र राजेन्द्र उर्फ छोटू उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यू हो गयी, वाहन का पता नही चल पाया है, तथ्य अंकित है। **वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना काकोरी पर मु0अ0सं0 284/2024 धारा 281/106 बीएनएस बनाम अज्ञात वाहन के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना वजीरगंज-

दिनांक 04.11.2024 को वादी श्री दिनेश चन्द्र शुक्ला निवासी जी सेकेण्ड फ्लोर,वीरांगन अवन्तीबाई महिला चिकित्सालय कैम्पल वजीरगंज लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दिया जिसमें दिनांक 02.11.2024 को परिवार के सहित वादी टैक्सी कर के अपने घर हरदोई के लिए समय करीब शाम 04.00 बजे घर में ताला लगाकर चला गया।

जब वादी अपने परिवार सहित आज घर से वापस लौटे तो पड़ोसी ने फोन कर के अवगत कराया कि आप के घर के ताले टूट हुए है, चोरी हुई है, तब हम लखनऊ चारबाग स्टेशन पर थे। दिनांक 04.11.2024 को समय करीब शाम के 04.30 बजे सूचना मिली, अलमारी तोड़ के सारा सामान निकाल लिया जिसमें सोने के कीमती जेवरात व नगदी रखी थी, तथ्य अंकित है। **वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना वजीरगंज पर मु0अ0सं0 333/2024 धारा 331(3)/305 बीएनएस बनाम अज्ञात चोर के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**